# फादर प्रोविंशियल अजित कुमार खेस्स, एस.जे. का विदाई समारोह



रांची येसु समाज के प्रोविंशियल और संत ज़ेवियर कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष फा. अजित कुमार खेस्स, एस.जे. का विदाई समारोह का आयोजन शिकक्षेत्तर कर्मचारी संघ के द्वारा दिनांक 18/09/2026 को फा. डी. ब्रावर ऑडिटोरियम में किया गया । इस अवसर पर प्रबंधन के सभी सदस्य एवं शिकक्षेत्तर कर्मचारी (NTS) उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का उद्देश्य फादर प्रोविंशियल के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं शुभकामनाएँ व्यक्त करना था। सभी उपस्थित सदस्यों ने उनके योगदान और सेवाओं के लिए आभार प्रकट किया और स्मृति चिन्ह भेट किया ।

प्रोविंशियल के रूप में सफल कार्य अवधि के बाद फा. अजित कुमार खेस्स, एस.जे. की नियुक्ति **POSA (President of South Asia)** के रूप में हुई है। इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त होने वाले झारखण्ड औए रांची के वे पहले व्यक्ति हैं । इस मिशन और दायित्व को निभाने के लिए समारोह के दौरान उपस्थित सदस्यों ने फादर प्रोविंशियल को हृदय से शुभकामनाएँ अर्पित किया और उनके सुखद भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल जीवन की मंगल कामना की ।

विदाई का यह अवसर सभी के लिए भावनात्मक एवं स्मरणीय रहा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। सभी के सहयोग एवं सहभागिता से विदाई समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

